Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं


## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- १६ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ अक्टूबर २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र )

## रेल संपर्क के क्षेत्र में बिहार ने रचा एक नया इतिहास - प्रधानमंत्री




प.सू.का/नई दिल्ली। बिहार में नई रेल लाइनों और विद्युतीकरण परियोजनाओं का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्‌घाटन किया और ऐतिहासिक कोसी रेल महासेतु को राष्ट्र को समर्पित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रेल संपर्क के क्षेत्र में बिहार एक नया इतिहास रचा गया है। उन्होंने कहा कि आज कोसी महासेतु और किऊल ब्रिज के उद्‌घाटन, विद्युतीकरण परियोजनाएं, रेलवे में मेक इन इंडिया के प्रोत्साहन और नए रोजगार पैदा करने वाली एक दर्जन परियोजनाओं को मिलाकर लगभग ३००० करोड़ रुपये की परियोजनों की शुरुआत की गई है। बल्कि पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के लिए रेल संपर्क को भी मजबूत करेंगी। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल फागू चौहान, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, रेल व वाणिज्य और उद्योग मंत्री न्याय व संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री गिरिराज सिंह, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी मौजूद रहे।



# अन्य राज्यों से बेहतर है यूपी में कोरोना की स्थिति- सीएम योगी

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड-१९ की स्थिति



वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अन्य प्रदेशों से काफी अच्छी है। राज्य में पॉजिटिविटी रेट सबसे कम और रिकवरी दर सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार दिनांक २५.०६.२०२० को नवनिर्मित पं. दीन दयाल उपाध्याय सूचना परिसर का लोकार्पण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की ताकत संवाद है। संघर्ष को संवाद के माध्यम से ही टाला जा सकता है और मीडिया संवाद का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मीडिया कर्मियों को पांच लाख रुपये तक के उपचार के लिए स्वास्थ्य बीमा कराएगी। कोविड-१९ के संक्रमण से दुर्भाग्यवश निधन की स्थिति में दिवंगत मीडिया कर्मी के आश्रितों को १० लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। शासन व प्रशासन तथा आमजन के बीच में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग एक सेतु का कार्य करता है।

**ट्रैक फीटिंगों का निर्माण एवं आपूर्ति कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं.: ट्रैक/04 ऑफ 2020।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रमांक 1; निविदा सं.: ट्रैक-ई-04012020; मद का संक्षिप्त विवरण:** मेटल लाइनर, टी-3738; **निविदा मात्रा:** 353117 अदद; **निविदा मूल्य:** ₹ 1,22,14,317.03; **बयाना राशि:** ₹ 2,44,290। **क्रमांक 2; निविदा सं.: ट्रैक-ई-04022020; मद का संक्षिप्त विवरण:** 1 मी लंबी फिश प्लेट, 60 किग्रा, टी-5916; **निविदा मात्रा:** 2066 अदद; **निविदा मूल्य:** ₹ 91,54,239.40; **बयाना राशि:** ₹ 1,83,090। **क्रमांक 3; निविदा सं.: ट्रैक-ई-04032020; मद का संक्षिप्त विवरण:** मेटल लाइनर (चौड़ा स्लीपर), टी-8616-17; **निविदा मात्रा:** 284237 सेट; **निविदा मूल्य:** ₹ 2,62,60,656.43; **बयाना राशि:** ₹ 5,25,220। **क्रमांक 4; निविदा सं.: ट्रैक-ई-04042020; मद का संक्षिप्त विवरण:** मेटल लाइनर, टी-3740; **निविदा मात्रा:** 888212 अदद; **निविदा मूल्य:** ₹ 3,73,49,314.60; **बयाना राशि:** ₹ 7,46,990। **क्रमांक 5; निविदा सं.: ट्रैक-ई-04052020; मद का संक्षिप्त विवरण:** मेटल लाइनर, टी-3741-42; **निविदा मात्रा:** 919897 सेट; **निविदा मूल्य:** ₹ 9,27,34,816.57; **बयाना राशि:** ₹ 18,54,700। **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय: क्रमांक 1 से 4 के लिए दिनांक 12-10-2020 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** तथा **क्रमांक 5 के लिए दिनांक 14-10-2020 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। निविदाओं के खुलने की तारीख एवं समय: क्रमांक 1 से 4 के लिए दिनांक 12-10-2020 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** तथा **क्रमांक 5 के लिए दिनांक 14-10-2020 को पूर्वाह्न 11.00 बजे।** ऊपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट निविदा के निविदा दस्तावेज के साथ परिपूर्ण जानकारी **दिनांक 17-09-2020 को पूर्वाह्न 11.30 बजे** से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी।

महाप्रबंधक (वर्क्स), मालीगाँव

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे ने पटना जं पर ठोस अपशिष्ट संयंत्र को किया समर्पित



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। स्वच्छता पखवाड़ा के क्रम में ललित चंद्र त्रिवेदी/महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना जं पर दिनांक-२६.६.२० को ठोस अपशिष्ट संयंत्र समर्पित किया।

इस प्लांट में एक दिन में ५०० किलोग्राम तक किचन वेस्ट का प्रबंधन कर उससे ऊर्जा के रूप में गैस तैयार होगा, जिसका उपयोग पटना जं० के रनिंग रूम के रेलकर्मियों के लिए खाना बनाने में किया जाएगा। मौके पर त्रिवेदी ने कहा कि दानापुर रेल मंडल का पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है, जो कि पटना जं.,राजेन्द्रनगर टर्मिनल, पाटलीपुत्र जं. में दिखता भी है, जिसकी पहचान पुरे देश में है। इस मौके पर २२ सफाईकर्मियो को हौसला अफजाई के लिए पुरुस्कृत भी किए। इस मौके पर सुनील कुमार, मंडल रेल प्रबंधक/दानापुर, अशोक कुमार मिश्रा, प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता, राजेश कुमार,मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, अमन राज,महाप्रबंधक के सचिव, रवीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्लाज्मा थेरेपी से एसआरएन अस्पताल में शुरू हुआ कोविड का इलाज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्लाज्मा थेरेपी से एमएलएन मेडिकल कॉलेज के एल थ्री लेवल के एसआरएन अस्पताल में कोरोना के इलाज कि शुरूआत शुक्रवार दिनांक २५.०६.२०२० से शुरु हो गई।

एक ६० वर्षीय कोविड संक्रमित को अस्पताल के वार्ड नंबर सात प्लाज्मा चढ़ाया गया। एसआरएन के प्राचार्य एसपी सिंह के निर्देशन में विशेषज्ञों के दल ने मंडल की पहली प्लाज्मा थेरेपी का ट्रायल किया।

बतादें कि प्लाज्मा डोनेशन की शुरूआत डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने १६ सितंबर को की थी।

प्राचार्य डॉ. सिंह ने बताया कि पहला ट्रायल उत्साह बढ़ाने वाला रहा। अन्य संक्रमितों का भी इसी थेरेपी से इलाज किया जाएगा। मरीज की निगरानी की जा रही है।

पहले प्लाज्मा थेरेपी ट्रायल में एसआईसी एसआरएन डॉ. एके श्रीवास्तव, डॉ. सुजीत वर्मा, मेडिसिन विभाग के डॉ. आरके यादव, डॉ. संतोष सिंह, के साथ स्टाफ नर्स शामिल रहे।

# युनाइटेड हॉस्पिटल पहुंचकर मण्डलायुक्त ने ली कोविड मरीजों की जानकारी

साभारः सूचना विभाग, प्रयागराज कोविड-१९ के रूप में चयनित किए गए युनाइटेड हॉस्पिटल पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों की स्थिति एवं की गयी व्यवस्थाओं के बारे में मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार जानकारी ली। युनाइटेड हॉस्पिटल के निदेशक डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में आईसीयू में कोविड के कुल ३७ मरीज भर्ती है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कुल २०० बेडों की व्यवस्था है, जिसमें से वर्तमान समय में ४८ बेड़ आईसीयू के है। मण्डलायुक्त ने अस्पताल में आईसीयू बेड़ों की संख्या को और बढ़ाये जाने के निर्देश दिये है, साथ ही साथ यह भी कहा कि प्रत्येक बेड़ के लिए निर्धारित मानक के अनुसार चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था रहे। उन्होंने कोविड मरीजों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये है। मण्डलायुक्त ने अस्पताल में प्रतिदिन कितने मरीज वेंटीलेटर पर रहते है, कितने मरीज ऑक्सीजन पर रहते है और प्रति दिन कुल कितने कोविड मरीज अस्पताल में भर्ती रहते है, इसकी सूचना प्रतिदिन प्रेषित करने के लिए कहा है। प्राइवेट अस्पताल के लिए कोविड मरीजों हेतु जो रेट निर्धारित किया गया है, मरीजों से वही लिया जाये, इसका कड़ाई से अनुपालन हो। भगवान शरण, अपर निदेशक स्वास्थ्य सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

# तेजस और महाकाल एक्सप्रेस को भी अक्टूबर से चलाने की तैयारी



रे.स.ब्यूरो./संवा। कोविड-१९ के कारण प्रयागराज जंक्शन के रास्ते सप्ताह में एक दिन चलने वाली काशी महाकाल एक्सप्रेस का संचालन अगले माह से फिर शुरू होने जा रहा है। यह ट्रेन बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी, महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन एवं ओंकारेश्वर की नगरी इंदौर को आपस में जोड़ती है। आईआरसीटीसी द्वारा संचालित यह ट्रेन कोविड-१९ की वजह से मार्च २०२० में ही बंद कर दी गई थी। इसके अलावा तेजस एक्सप्रेस का भी संचालन आईआरसीटीसी द्वारा अगले माह शुरू किया जाएगा। हालांकि तेजस एक्सप्रेस प्रयागराज नहीं आती। बतादें कि काशी महाकाल एक्सप्रेस का उदघाटन इस वर्ष १६ फरवरी को पीएम मोदी ने किया था। सप्ताह में दो दिन इस ट्रेन का संचालन लखनऊ एवं एक दिन प्रयागराज के रास्ते हो रहा था। आईआरसीटीसी के अफसरों का कहना है कि काशी महाकाल एक्सप्रेस और तेजस को अक्टूबर में शुरू करने की तैयारी की गई है। हालांकि इसके संचालन की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

# सपनों का भारत, स्वच्छ भारत

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ भारत मिशन एक जनांदोलन का रूप लेता जा रहा है जो प्रधानमंत्री मोदी का भी एक सपना है। यही कारण है कि खुले में शौच करने वालों की संख्या ६८ फीसदी तक कमी आई है। मगर अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। इस मुहिम में तेजी लाने के लिए सरकार १५ सितंबर से २ अक्टूबर के बीच 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा मना रही है। इस दौरान मंत्रियों, सांसदों, केंद्र तथा राज्य सरकारों के कर्मचारियों से लेकर बड़ी-बड़ी हस्तियों, संगठनों तक हर कोई श्रमदान के जरिए खुद को स्वच्छता के प्रति समर्पित करता है। तो फिर आम आदमी को भी अब अपनी-अपनी आस्तीनें चड़ाकर गांधी जी के सपनों का भारत, स्वच्छ भारत बनाने के अभियान में जुट जाइए। स्वच्छता से ही डायरिया जैसी बीमारियों से होने वाली मृत्यु दर भी नीचे आ गई है। एक अध्ययन के मुताबिक स्वच्छता की कमी के चलते ही भारत के ४० फीसदी बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास नहीं हो पाता। हमारी भावी कार्यशक्ति का इतना बड़ा हिस्सा अपनी पूर्ण उत्पादक क्षमता ही हासिल न कर सके, यह हमारी मुख्य शक्ति, हमारे जनसंख्या बल के लिए एक गंभीर खतरा है। तो आइए अब पूरे देश के साथ मिल कर महात्मा के आह्वान को आगे बड़ाएँ और एक मिसाल पेश करें।

# पूर्व मध्य रेल में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र। हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा-२०२० के अवसर पर दिनांक १४.०६.२० से २५.०६.२० तक विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक २१.०६.२० को कर्मचारी क्विज एवं दिनांक २२.०६.२० को अधिकारी क्विज का आयोजन हुआ। मुख्यालय के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी प्रतियोगिताएँ वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई थी। दिनांक २१.०६.२० को संपन्न कर्मचारी क्विज प्रतियोगिता में कुल ०६ पुरस्कार हैं: प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रेरणा के ०३ (तीन)। इस प्रतियोगिता में अधिकतर प्रश्न राजभाषा नीति-नियम एवं संवैधानिक प्रावधान से किए गए थे।

उसी प्रकार दि. २२.०६.२० को आयोजित अधिकारी क्विज प्रतियोगिता में राजभाषा प्रगति-प्रसार के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति से भी प्रश्न पूछे गये। अधिकारी क्विज प्रतियोगिता में भी कर्मचारी क्विज की तरह कुल ०६ पुरस्कार हैं। प्रतियोगिताओं का आयोजन महाप्रबंधक एल. सी. त्रिवेदी के दिशा-निर्देश के अनुसार कराया जा रहा है।

# केंद्रीय रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी के निधन पर मंत्रिमंडल ने किया शोक व्यक्त

प.सू.का/नईदिल्ली। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी के निधन पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने २३ सितंबर, २०२० को गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्रिमंडल ने २३ सितंबर, २०२० को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनके निधन से, राष्ट्र ने एक प्रख्यात नेता, एक शिक्षाविद, एक प्रतिष्ठित सांसद और एक सक्षम प्रशासक खो दिया है। भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में, सुरेश सी. अंगड़ी १९९६ में पार्टी के उपाध्यक्ष बने। २००१ में उन्होंने बेलगावी जिला इकाई के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया और २००४ में बेलगावी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने तक वह इस पद पर बने रहे। उन्होंने संसद सदस्यों के पेंशन, वेतन और भत्तों की संयुक्ति समिति, सदन समिति और याचिका समिति के सदस्यों के रूप में भी कार्य किया। अंगड़ी मई, २०१९ में केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री बने।

# गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत रेलवे ने नौ लाख ७६ हजार दिहाड़ी रोजगार अवसर किए प्रदान

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत १८ सितम्बर २०२० तक छह राज्यों में नौ लाख ७६ हजार ५५७ दिहाड़ी रोजगार प्रदान किये हैं। ये राज्य हैं- बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश। रेल तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस योजना के तहत इन परियोजनाओं की प्रगति और इन राज्यों के प्रवासी मजदूरों के लिए काम के अवसरों की प्रगति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। इन राज्यों में लगभग १६४ रेलवे अवसंरचना परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। १८ सितंबर २०२० तक १२ हजार २७६ श्रमिकों को इस अभियान से जोड़ा गया है और ठेकेदारों को कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के लिए २०५६.६७ करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। रेलवे ने प्रत्येक जिले के साथ-साथ राज्यों में भी नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं ताकि राज्य सरकार के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित हो सके। रेलवे ने कई ऐसे कार्यों की पहचान की है जिन्हें इस योजना के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-१९ महामारी से प्रभावित हुए प्रवासी मजदूरों की आर्थिक समस्याओं को दूर करने के लिए २० जून २०२० को गरीब कल्याण रोजगार अभियान की शुरुआत की थी। अनेक राज्यों से वापस लौटे प्रवासी श्रमिकों की बड़ी संख्या को उनके अपने क्षेत्रों और गांवों में आजीविका के अवसर प्रदान करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।

# आईआरसीटीसी बढ़ाएगा ट्रेनों में फूड पैकेट का दायरा

प्रयागराज। अगले माह से उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन समेत अन्य स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को खानपान की कई सामग्रियां उपलब्ध होंगी। आईआरसीटीसी ने यात्रियों की डिमांड पर आने वाले दिनों में छोला-चावल, राजमा-चावल, बिरयानी, कढ़ी-चावल, नूडल्स आदि भी यात्रियों को उपलब्ध होगा। पीआरओ/आईआरसीटीसी सिद्धार्थ सिंह का कहना है कि रेडी टू ईट मील में कुछ और नए खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, झांसी की ६७वीं वैब बैठक संपन्न्

रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संदीप माथुर, झांसी की अध्यक्षता में झांसी नगर स्थित केन्द्रीय कार्यालयों/उपक्रमा/बैकिंग तथा बीमा कंपनियों की नराकास झांसी की ६७वीं वैब बैठक दिनांक २३, सितंबर २०२० आयोजित की गई। बैठक के अध्यक्ष संदीप माथुर मंडल रेल प्रबंधक झांसी ने कहा कि इस बैठक की सार्थकता तभी है जब सभी सदस्य बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित करें इसके लिए सभी सदस्य कार्यालयों को तिमाही रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय को भेजे जाने हेतु अपने कार्यालय का पंजीकरण करायें। अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी अमित सेंगर ने झांसी मंडल पर हो रहे राजभाषा संबंधी कार्यो की विस्तृत जानकारी दी और राजभाषा अधिनियम १९६३ की धारा ३(३) के अनुपालन पर जोर दिया।

इस बैठक में कार्यालय प्रमुख अनिवार्यत भाग लें ताकि बैठक की सार्थकता बनी रहे। इस बैठक में टी.के.वागची प्रमुख बीएचईएल झांसी, पंकज कुमार वरिष्ठ मंडल लेखा परीक्षा अधिकारी,जे.एल गौतम महाप्रबंधक बीएस-एनएल, राघवेन्द्र गुप्ता अधिशासी अभियंता केन्दीय जल आयोग, अभिषेक कुमार पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग झांसी, आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**वार्षिक मरम्मत अनुबंध**

ई-निविदा सं.: एसएनटी-25-एलएमजी-2020-21, दिनांक: 17-09-2020। अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम तथा स्थान:** दो वर्षों की अवधि के लिए लामडिंग मंडल में सीनि. डीएसटीई/लामडिंग के क्षेत्राधिकार के अधीन स्थापित क्षतिग्रस्त पीडीएच/एसडीएच उपकरण कार्डों (निर्माता- तेजस, वेबफिल एवं पुनकॉम) का वार्षिक मरम्मत अनुबंध। **निविदा मूल्य:** ₹ 50,28,602.62। **बयाना राशि:** ₹ 1,00,600/-। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 12-10-2020 को अपराह्न 3.00 बजे। **ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** दिनांक 12-10-2020 को अपराह्न 3.30 बजे। विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रेलवे के डीआईजी समेत चार डॉक्टर कोविड पॉजिटिव

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। डीआईजी रेलवे और एसआर एन के चार डॉक्टर बृहस्पतिवार दिनांक २४.०६.२०२० को कोविड के ३१३ नए संक्रमितों में शामिल हो गए। नए कोरोना संक्रमितों में दो अधिवक्ता भी हैं। इनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। एसआरएन के पैथालॉजी, गैस्ट्रो और गायनी विभाग के जेआर, एसआर (डॉक्टर) की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद संबंधित विभागों में उनकी संपर्कियों की पहचान की जा रही है। नोडल अधिकारी कोरोना डॉ. ऋषि सहाय के मुताबिक एजी ऑफिस के एक ऑडीटर, पुलिस मुख्यालय के स्टेनो, सैदाबाद प्राइमरी स्कूल की एक शिक्षिका भी संक्रमित हुई हैं। वहीं विभागों को सैनिटाइज भी कराया गया।

# स्वच्छता पखवाड़ा पर आरडीएसओ में वेबिनार का आयोजन




रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। आरडीएसओ में स्वच्छता पखवाडा के दौरान स्वच्छता जागरूकता अभियान पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। दिनाक २३.०६.२०२० को वेबिनार में रमेश पिंजानी, अपर महानिदेशक /आरडीएसओ ने वेबिनार की अध्यक्षता की। इस अवसर पर डॉ संगीता सागर, एसीएमओ, प्रवीण खोराना, कार्यकारी निदेशक/ वर्क्स और ज्योति भास्कर, निदेशक/टी.आई.ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर डॉ. संगीता सागर, एसीएमओ ने "स्वच्छ भारत अभियान लिविंग विद COVID-19 पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि हमारे परिवेश में और आसपास स्वच्छता बनाकर खुद को COVID-19 से बचाने का प्रयास किया जा सकता है। रमेश पिंजानी, अपर महानिदेशक/आरडीएसओ ने वेबलिंक के माध्यम से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नियमित कार्यों में स्वच्छता के अच्छे प्रभावों और दुष्प्रभावों को हमें समझना चाहिये और COVID-19 के दिशानिर्देशों का पालन करने पर भी जोर दिया।

COVID-19 के लिए जारी किए गए दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सभी निदेशालयों में बड़ी संख्या में आरडीएसओ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा वेबिनार को देखा गया।

सम्पादकीय

## कोविड-१६: बढ़ती दिख रही है लापरवाही

कोविड-१६ का कहर भले ही कुछ थमता दिख रहा हो, पर ऐसे संकेत अभी नहीं है कि उस पर लगाम कब लगेगी। चीन से आए कोरोना वायरस से उपजी महामारी पर जब तक एसे संकेत नहीं मिल जाते, तब तक किसी भी स्तर पर लापरवाही के लिए कहीं कोई गुंजाइश नहीं है। यह संकेत ठीक नहीं कि लॉकडाउन में छूट के साथ लोगों की लापरवाही भी बढ़ती दिख रही है।

केंद्र और राज्य सरकार जितनी सतर्कता बरतने पर जोर दे रही है उतनी ही आम लोगों की लापरवाही भी बडती जा रही है। शारीरिक दूरी बनाने और मास्क का सही ढंग से उपयोग करने में लापरवाही दिखाई जाए इसका कोई औचित्य नहीं है।

ये तो अपने पैर पर ही कुल्हाड़ी मारने जैसा है। यह जानते हुए कि तमाम सावधानी बरतने वाले लोग भी संक्रमित हो जा रहे हैं और उनमें कुछ उबर भी नहीं पा रहे हैं। प्रतिदिन करीब हजारों लोग महामारी की चपेट में आकर दम तोड़ रहे हैं।

एक लापरवाही प्रयासों पर पानी फेरने का ही काम कर रही है, जिसके तहत के केंद्र और राज्य सरकारें अधिक से अधिक लोगों का कोरोना परीक्षण कर रही हैं। लेकिन इसके बावजूद इस सच की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि संक्रमित मरीज काल के गाल में भी समा रहे हैं। चिंता की बात यह है कि इनमें सभी आयु वर्ग के लोग हैं।

कोरोना से डरने की जरूरत नहीं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि लापरवाही बरती जाए।

## हिंदी सदैव से ही गतिशील एवं ग्रहणशील भाषा रही है- महेंद्र नाथ ओझा




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय प्रयागराज में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में १४ सितंबर से आयोजित राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत २८ सितंबर को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक महेंद्र नाथ ओझा ने कहा कि हिंदी सदैव से ही गतिशील एवं ग्रहणशील भाषा रही है। भारत के संविधान में हिंदी को देश की सामासिक संस्कृति की अभिव्यभक्ति का माध्यम बनाने की परिकल्पना की गई है। राष्ट्रपिता महात्म् गांधी का भी यही सपना था। इस परिकल्पना को साकार बनाने के लिए संविधान की अष्टसम अनुसूची में शामिल सभी भारतीय भाषाओं के शब्दों और अभिव्योक्तियों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। मीर, गालिब, तुलसीदास जैसे महान रचनाकार इसी साझी भाषिक परंपरा के प्रतिनिधि हैं। कार्यशाला में वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय ने कर्मचारियों को राजभाषा की संवैधानिक एवं विधिक संरचना की जानकारी दी। राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय ने मीडिया में प्रयोग किए जा रहे नए शब्दो और उनके अभिप्राय की विस्तृत जानकारियां प्रदान की।

## रेल मुख्यालय हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा-२० का समापन

रे.स.ब्यूरो./सूत्र। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में दि. १४.०६.२० से २५.०६.२० तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा का समापन संपन्न हुआ। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस समारोह में रेल राज्यमंत्री सुरेश अंगड़ी के असामयिक निधन पर ०२ मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक एल.सी.त्रिवेदी ने कहा कि कोरोना काल के विपरित परिस्थितियों में भी राजभाषा विभाग द्वारा किए गए कार्य की सराहना की और कहा कि यद्यपि राजभाषा पखवाड़ा के सारे कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से हुए तथापि कार्यक्रमों की गुणवत्ता प्रशंसनीय रही। मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजेश कुमार ने उन तमाम हिंदी सेवियों, लेखक-साहित्यकारों, कवियों को नमन किया जिनके कारण इस विशाल देश में हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ।

## NEW ADDITIONAL GENERAL MANAGER OF SOUTHERN RAILWAY



Source PR Deptt. SR: B.G.Mallya has taken over charge as Additional General Manager (AGM) of Southern Railway on 28th of September, 2020, vice K.Shunmugaraj, Principal Chief Material Manager, who was holding additional charge as AGM after the superannuation of P.K.Mishra in March 2020. An Officer of 1985 batch of Indian Railway Service of Electrical Engineers (IRSEE), B.G.Mallya joined Railways after graduation in Electrical Engineering from IIT, Delhi.In over three decades of Railway service, he has held several important posts in various zones including Southern Railway, South East Central Railway, South Central Railway, Eastern Railway, South Western Railway, Integral Coach Factory and Bangalore Metro Rail Corporation Ltd. B.G.Mallya also served as Divisional Railway Manager of Guntakal and Bilaspur Divisions and has worked as Chief Electrical Loco Engineer/South Central Railway. Prior to taking over as Additional General Manager, Southern Railway he was Principal Chief Electrical Engineer of South Western Railway.He brings with him the rich experience of having visited Railway systems abroad in various countries such as Netherlands, Germany, Japan, France, South Korea, China, Iran, Switzerland and Bangladesh.

## ट्रैफिक,पार्किंग को बनायें एक्शन प्लान- आर. रमेश कुमार



साभारः सूचना विभाग, प्रयागराज। विकास प्राधिकरण के तत्वाधान में ट्रैफिक/पार्किंग का एक्शन प्लान बनायें जाने के सम्बंध में दिनांक २८ सितम्बर को मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार की अध्यक्षता में त्रिवेणी सभागार में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मण्डलायुक्त ने शहर के विभिन्न मार्गो पर बनने वाले पार्किंग एरिया, ग्रीन एरिया, सिटिंग प्लान, वेण्डर जोन, हॉकर जोन के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि नगर निगम, पीडीए एवं एसपी ट्रैफिक व स्मार्ट सिटी के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर एक विस्तृत कार्ययोजना बनाते हुए इन बिंदुओं पर कार्यवाही करें, जिससे कि शहर को स्मार्ट सिटी बनाने का लक्ष्य बेहतर तरीके से प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्पीड ब्रेकर, रोड सिग्नल, साइनेज इत्यादि का बेहतर इस्तेमाल ही शहर को स्मार्ट बनाता है। बैठक में नगर आयुक्त रवि रंजन, पीडीए उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बिजली चोरी में ४५ पर एफआईआर दर्ज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बिजली चोरी के खिलाफ बड़े पैमाने पर करेली में छापा मारकर दिनांक २५.०६.२०२० को कटियामारी पकड़ी गई। इस मामले में ४२ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मीटर बाईपास और केबल क्रास कर एसी, फ्रिज के अलावा अन्य उपकरणों चलाए जा रहे थे। जबकि तीन लोगों के विरुद्ध कालाडांडा में कटियामारी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। शहर के सभी सात डिवीजनों में बकायेदारों के खिलाफ दिन भर चलाए गए अभियान में ६३२ लोगों के कनेक्शन काटे गए। दूसरी ओर एसडीओ टैगोर टाउन विजय प्रताप तिवारी ने अभियान के दौरान एटीएम और अस्पताल समेत ४० कनेक्शन काटे।

## 'स्वच्छ प्रतिस्पर्धा' के अंतर्गत डीरेका में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



साभारः रेल मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार दिनांक १६ से ३० सितम्बर तक आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' की श्रृंखला में दिनांक २६ सितम्बर को वाराणसी मे डीजल रेल इंजन कारखाना में 'स्वच्छ प्रतिस्पर्धा' के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पखवाड़ा के दौरान डीरेका कर्मियों के स्कूली बच्चों के मध्य कोविड-१६ एवं स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता की प्रविष्टियां ऑनलाइन आमंत्रित किया गया था। कक्षा ५ तक एवं कक्षा ५ से ऊपर दो वर्गों में विभक्ति इस चित्रकला प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिष्टियां प्राप्तम हुई। एक से बढ़कर एक प्राप्ति प्रविष्टियों में बच्चों ने अपने कल्पनाशीलता के माध्यम से कोविड-१६ के दौर में स्वच्छता के महत्व को शानदार ढंग से उकेरा था।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशान यात्रियों को मिलेगी अब बड़ी राहत

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। ईस्टर्न डेडीक्रेटेड फ्रेट कॉरीडोर (ईडीएफसी) पर एनसीआर रूट की ट्रेनों का संचालन अगले महीने से शुरू होने की उम्मीद है इसके शुरू होने से उत्तर मध्य रेलवे में ट्रेनों की लेट लतीफी से परेशान मुसाफिरों को बड़ी राहत मिलेगी। यह जानकारी उत्तर मध्य रेलवे के जीएम राजीव चौधरी ने शुक्रवार दिनांक २५.०६.२०२० को पत्रकारों के साथ ऑनलाइन बातचीत में दी। जीएम ने बताया कि अगले महीने से भाऊपुर से दादरी तक मालगाड़ी संचालन शुरू हो जाएगा। कानपुर के करीब भाऊपुर से दादरी के बीच ईडीएफसी पर मालगाड़ी संचालन शुरू हो रहा है। भाऊपुर से पंडित दीन दयाल उपाध्याय तक मालगाड़ी का संचालन अगले साल दिसंबर तक शुरू होने की उम्मीद है। एनसीआर के प्रमुख रेलमार्ग दिल्ली-हावड़ा, दिल्ली-मुंबई पर जून २०२३ तक सभी यात्री ट्रेनों की अधिकतम रफ्तार १६० किमी प्रतिघंटा हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वक्त १०० ट्रेनें १३० किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही हैं। जीएम ने बताया कि लॉकडाउन में रेलवे की आधारभूत संरचना के विकास में काफी काम किया गया।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभीतक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अब घर से प्रवेश ले सकेंगे छात्र

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड-१६ के मद्देनजर इस बार इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन किए जाने की तैयारी है।

प्रवेश परीक्षा के बाद मेरिट में चयनित होने वाले अभ्यर्थी घर बैठे प्रवेश ले सकेंगे।

प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन होने पर अन्य जिलों या प्रयागराज में रहने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय के भवन में नहीं आना होगा।

बतादें कि इविवि की प्रवेश परीक्षाएं २६ सितंबर से शुरू होने जा रही हैं। २६ सितंबर से पांच अक्तूबर तक ११ शहरों के १०४ परीक्षा केंद्रों में इविवि एवं संघटक कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी और परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन यानि दोनों मोड में कराई जाएगी।

# उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मण्डल मे स्वच्छता पखवाड़ा-२०२० का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. झांसी। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मण्डल मे स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। १६.०६.२० से ०२.१०.२० तक मनने वाले इस आयोजन के क्रम में दिनांकः २२.०६.२० को "स्वच्छ अस्पताल दिवस" के रूप में मनाया गया। जिसमें वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (हेल्थ) डॉ. उमेश चन्द्र के नेतृत्व में मंडल रेल चिकित्सालय में वृहद सफाई अभियान चलाया गया और अन्य स्टेशनों पर उपलब्ध सभी चिकित्सा यूनिट जैसे ग्वालियर, ललितपुर, उरई, महोबा तथा बांदा में चिकित्सकों के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के मार्गदर्शन में व्यापार विकास इकाई द्वारा किये गए प्रयासों के चलते माल लदान में वृद्धि हेतु छतरपुर क्षेत्र के व्यापारियों के हितार्थ टीकमगढ़ स्टेशन को चयनित माल यातायात हेतु खोल दिया गया है। अब शीघ्र ही टीकमगढ़ स्टेशन पर पेट्रोलियम पदार्थ, कोयला व कंटेनर यातायात को छोडकर अन्य कॉमोडिटी की लोडिंग व अनलोडिंग प्रारम्भ की जाएगी। जिससे मंडल की आय में सकारात्मक वृद्धि होगी। इसी क्रम में भीमसेन बैलास्ट साइडिंग को भी पुनःनामकरण करते हुए भीमसेन गुड्स लाइन का नाम दिया गया है तथा इसको अन्य सभी माल यातायात हेतु खोला गया है। इससे क्षेत्रीय व्यापारियों को माल आवागमन में गति मिलेगी तथा रेल राजस्व में बढ़त होगी।

राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
सरदार वल्लभ भाई पटेल

# रेलवे ने हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन के निर्माण को संशोधित टेंडर किया जारी

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने ४४ सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन सेट्स के लिए संशोधित टेंडर जारी किया है। यह टेंडर ट्रेन सेट्स के लिए बोगियों के साथ-साथ थ्री-फेज प्रोपल्शन, कंट्रोल और अन्य उपकरणों के लिए है। इस टेंडर को www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। बोली से पहले की बैठक २६ सितंबर, २०२० (२६.०६.२०) को होनी है और टेंडर को खोलने की तारीख १७ नवंबर, २०२० (१७.११.२०) है। ट्रेन सेट्स का आईसीएफ / चेन्नई, आरसीएफ / कपूरथला और एमसीएफ /रायबरेली में बनेंगे। यह स्थानीय (स्वदेशी) निविदा होगी। दो चरण, रिवर्स ऑक्शन (रिवर्स बोली) लगाया जाएगा। संशोधित टेंडर मेक इन इंडिया नीति के लिए भारत सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप है। न्यूनतम स्थानीय सामग्री के प्रतिशत को संशोधित करके अब ७५: कर दिया गया है। यह आत्मनिर्भर भारत के संशोधित डीपीआई आईटी (DPIIT) शर्तों के तहत जारी पहला बड़ा टेंडर है। इसमें कम से कम ७५: घरेलू घटक को शामिल किया गया है। यह टेंडर अब एक घरेलू टेंडर है। इसके लिए केवल भारत में पंजीकृत कंपनियां ही आवेदन कर सकती हैं और उन्हें लागत भी भारतीय रुपये में बतानी होगी।


**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं.: ट्रैक/04 ऑफ 2020 दिनांकः 17-09-2020 की संशोधनी सं. 1**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं. ट्रैक/04 ऑफ 2020 दिनांक 17-09-2020 में नीचे उल्लेखित संशोधन किए गए है।
क्रमांक 1 से क्रमांक 3 निविदा सं. ट्रैक-ई-04012020, ट्रैक-ई-04022020 एवं ट्रैक-ई-04032020, डिलीवरी की अवधि (महीने में) को अब 02 महीने के रूप में पढ़ें; तथा क्रमांक 4 एवं क्रमांक 5 निविदा सं. ट्रैक-ई-04042020 तथा ट्रैक-ई-04052020, डिलीवरी की अवधि (महीने में) को अब 06 महीने के रूप में पढ़ें। अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

महाप्रबंधक (डब्ल्यू) मालीगाँव
पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड,उत्तर मध्य रेलवे ने चलाया जागरूकता अभियान



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ.सुमंत बहल के मार्गदर्शन में दिनांक २०.०६.२०२० रविवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/डॉ. राकेश निगम एवं वरि. मंडल चिकित्सा अधिकारी/डॉ. परवेज अहमद के दिशानिर्देशन में विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मास्क लगाने व सामाजिक दूरी बनाये रखने के सम्बंध मे लोगों को जागरूक करते हुए इनके महत्व को बताया तथा खाँसी जुकाम बुखार होने पर केंद्रीय चिकित्सालय में इलाज कराने हेतु जाररूक किया गया। एम्बुलेंस अधिकारी पवन कुमार यादव ने लोगो से अपील किया कि वह प्रशासन के दिशा निर्देशों को उचित ढंग से पालन करें। जागरूकता अभियान का संचालन ब्रिगेड के मण्डल सचिव आलोक कुमार वर्मा व उदय चंद्र मौर्य के द्वारा किया गया। इस दौरान अनूप श्रीवास्तव, पवन कुमार जितेंद्र विश्वकर्मा, ओम प्रकाश आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

# उत्तर मध्य के झाँसी मंडल में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा

रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। डिजिटल भारत के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के मार्गदर्शन में झाँसी मंडल द्वारा सभी ट्रांसेक्शन को डिजिटल किये जाने हेतु एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आरक्षण खिड़की तथा अनारक्षित टिकट खिड़की पर भी POS मशीन तथा QR कोड स्कैनर के माध्यम से आरक्षित तथा अनारक्षित टिकट बिना नकद लेन-देन के प्राप्त किया जा सकता है। मंडल द्वारा तैयार किये गए एक्शन प्लान के तेहत टिकट काउंटर पर एक सप्ताह तक सभी लेन-देन डिजिटल माध्यमों से पूर्ण किये जायेंग। इस प्रयोग से लगभग सभी को विदित हो सकेगा की अब रेलवे में भी शत-प्रतिशत डिजिटल लेन-देन किये जा रहे हैं, ठीक जिस प्रकार माल गोदाम में भी सभी लेनदेन शत-प्रतिशत डिजिटल माध्यम से किये जाते हैं।

### लेखकों से

राष्ट्रीय, सामजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अ. प्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें। प्रधान सम्पादक

# उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में संगोष्ठी का आयोजन



साभारः उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह एवं संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया। दिनांक २८.०६.२०२० को समारोह में महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर राजीव चौधरी ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता एवं आत्मसम्मान की परिभाषा है। हिंदी उन राष्ट्रीय मूल्यों की भी प्रतीक है, जो हमें अपनी समृद्ध विरासत और राष्ट्रीय आंदोलन से प्राप्त हुए हैं। इन्हीं कारणों से हिंदी पूरे देश की संपर्क भाषा, जन भाषा के रूप में विविधता में एकता की भावना को परिलक्षित करती है। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष, ह्रदय नारायण दीक्षित ने ऑनलाइन संबोधन में महात्मा गाँधी जीवन दर्शन एवं हिंदी पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी संस्कृति एवं संस्कार की भाषा है। उन्होने बताया कि गाँधी जी कांग्रेस के नेताओं को वायसराय के सामने हिंदी में ही बात करने की हिदायत देते थे। हिंदी को लेकर हमारे मन में कुछ भी दुविधा हो, लेकिन राष्ट्रपिता के मन में कोई असमंजस नहीं था। हिंदी का विरोध दरअसल राजनैतिक कारणों से किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी महेन्द्र नाथ ओझा ने मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष ह्रदय नारायण दीक्षित का स्वागत किया और कहा कि दीक्षित एक श्रेष्ठ साहित्यकार एवं मनस्वी लेखक, विचारक और आदर्श राजनीतिज्ञ हैं। ओझा ने उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार बढ़ाने के लिए किए गए अभिनव प्रयासों और कार्यो की जानकरी दी। कार्यक्रम का संचालन चन्द्र भूषण पाण्डेय, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा आभार प्रकट किया गया। रंजन यादव तथा प्रधान विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण कार्यक्रम में ऑनलाइन उपस्थित थे।

# मुमकिन करते हैं

साभार-ओम प्राश केसरी

घर-घर में, सत्य दीप, जहां जगह-जगह जलते हैं।
आओ हम सब इसको, मिलकर मुमकिन करते हैं।
सत्य के साम्राज्य को, चारो तरफ बढ़ायें।
जो छूट गये हैं पीछे, उनको गले लगायें।
जीवन के संघर्ष में, रखो ध्यान इतना सा।
सब के लिए बराबर, बड़ा हो या अदनासा।
प्रदूषण प्रपंचों के, मात्र प्रवचनों से प्रयास।
जैसे बंजर भूमि में, हरियाली की झूठी आस।
कथनी के समय बीत गये, अब करने की बारी है।
मजबूत इरादों से, आगे बढ़ने की तैयारी है।
सबको सुलभ साधन, ऐसा कोई उपवन हो।
ध्यान दूसरों का रखकर, करें जैसा जिसका मन हो।
तालीम के लिए जहां, हर गांव में शिक्षक बसते हैं।
आओ हम सब इसको, मिलकर मुमकिन करते हैं।
स्वच्छ नीर हिमालय का क्यों करते हो गंदा।
उत्थान के रास्ते में, यह बना गले का फंदा।
इलाज के लिए मरीज, दर-दर हैं भटकते।
देखकर इस पीड़ा को, क्यों नहीं हम कुछ करते।
मज़हब है इस बगिया में, सुंदर फूलों की तरह।
मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, हैं, अच्छे स्कूलों की तरह।
एक ईश्वर की हम संतान, क्यों आपस में लड़ते।
पहले तो एक दूसरे पर, थे हम सब मरते।
वातावरण साफ सुथरा, बिना किसी अभियान के।
कर्तव्य पालन धर्म हो, बिना किसी ईनाम के।
गतिमान जीवन नौका में, जहां पतवार प्यार की रखते हैं।
आओ हम सब इसको, मिलकर मुमकिन करते हैं।

# सीएसएमटी रेलवे स्टेशन की पुनर्विकास परियोजना के संबंध में बोली-पूर्व बैठक आयोजित


प.सू.का/नई दिल्ली। नीति आयोग के सीईओ और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ ने सीएसएमटी परियोजना के संबंध में डिजिटल प्लेटफ र्म के जरिये आयोजित बोली-पूर्व बैठक की अध्यक्षता की। दिं २५.०६.२०२० को इसमें रेलवे बोर्ड के सदस्य (इन्फ्रास्ट्रक्चर), मध्य रेलवे के महाप्रबंधक और उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक भी उपस्थित थे। देश भर में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास भारत सरकार के रेल मंत्रालय का प्राथमिकता वाला एजेंडा है। इस एजेंडे को पीपीपी के तहत निजी कंपनियों की भागीदारी के साथ सरकार द्वारा पूरी ताकत से संचालित किया जा रहा है। आयोजित बोली-पूर्व बैठक को उद्योग जगत से व्यापक प्रतिक्रिया मिली। डेवलपर और फंड हाउस भी इस निवेश अवसर में काफी रुचि दिखा रहे हैं। बोली-पूर्व बैठक में लगभग ४३ संभावित बोली दाताओं ने भाग लिया जिनमें अडानी ग्रुप, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, एल्डेको, जीएमआर ग्रुप, जेकेबी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, एसएनसीएफ हब्स एंड कनेक्शंस, आई स्क्वॉयर्ड कैपिटल, कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, ऐस अर्बन डेवलपर्स, जीआर इन्फ्रास्ट्रक्चर, एस्सेल ग्रुप एवं लार्सन एंड टुब्रो जैसे डेवलपरों ने भाग लिया। इसके अलावा बीडीपी सिंगापुर, हाफीज कॉन्ट्रैक्टर, एईसीओएम जैसे आर्किटेक्ट्स और एंकोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स लिमिटेड, ब्रुकफील्ड जैसे फंड हाउसों और जेएलएल, बोस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप, केपीएमजी, पीडब्ल्यूसी इंडिया, ईवाई जैसी सलाहकार फर्मो और ब्रिटिश उच्चायोग ने भाग लिया। निवेशकों को भारत में निवेश के अवसरों और विकल्पों को तलाशने में मदद करने वाली एजेंसी राष्ट्रीय निवेश संवर्धन एवं सुविधा एजेंसी डीपीआईआईटी द्वारा स्थापित इन्वेस्ट इंडिया ने भी इस बैठक में भाग लिया। सीएसएमटी एक ऐतिहासिक और यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व धरोहर स्थल है जो मुंबई शहर के बिल्कुल केंद्र में स्थित है। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार इस पुनर्विकास योजना के तहत इस रेलवे स्टेशन को मल्टीम डल ट्रांसपोर्ट हब बनाने के लिए विभिन्न तरीकों का एकीकरण किया गया है। इसमें आगमन एवं प्रस्थान, दिव्यांग-जनों के अनुकूल स्टेशन, यात्रियों के लिए बेहतर सेवा, ऊर्जा कुशल भवन और विरासत स्थल को १६३० की स्थिति के अनुसार तैयार करना शामिल होगा। सीएसएमटी रेलवे स्टेशन एक सिटी सेंटर रेल मॉल की तरह कार्य करेगा जहां यात्रियों की परिवहन जरूरतों के अलावा उनकी दैनिक आवश्यकताओं जैसे- रिटेल, एफ एंड बी मनोरंजन, स्मारिका खरीदारी आदि को भी पूरा किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि यात्रियों की अधिकांश दैनिक आवश्यकताओं को रेलवे स्टेशन पर ही पूरा किया सके और उन्हें शहर में अनावश्यक न भटकना पड़े। पुनर्विकास स्टेशन पर बुनियादी ढांचे की परिकल्पना इस तरह से की गई है कि एक मोड से दूसरे मोड में निर्बाध तौर पर एकीकरण हो सके। पुनर्विकास होने पर यह यात्रियों के आसान आवागमन के लिए कई एक्सेसप इंट प्रदान करेगा और उपनगरीय रेलवे, बंदरगाह लाइन, लंबी दूरी, मेट्रो रेल और वाणिज्यिक विकास के बीच सीधा लिंकेज उपलब्ध कराएगा। इससे यात्रियों को बेहतर विरासत संरचना का आनंद मिलेगा और शहर में भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इसके तहत दूर दराज के क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के प्रयास भी किए जाएंगे ताकि यात्रियों को एंड-टू-एंड समाधान प्रदान किया जा सके। पीपीपी मॉडल के तहत छत्रापति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुंबई) के पुनर्विकास के लिए अर्हता आवेदन (आरएफक्यू) मंगाने के लिए आईआर एसडीसी द्वारा २०.०८.२०२० को एनआईटी प्रकाशित किया गया है। आरएफक्यू दस्तावेज इस लिंक पर जाकर हासिल किया जा सकता है http://irsdc-enivida-com/-आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि २२.१०.२०२० है। बोली-पूर्व बैठक के दौरान यह भी उजागर किया गया कि आरएफक्यू चरण में आवेदकों को केवल वित्तीय मानदंडों को पूरा करने की आवश्यकता होगी जो कि न्यूनतम निवल मूल्य (डेवलपर्स के लिए) या न्यूनतम एसीआई (फंड के लिए) और तकनीकी पात्रता मानदंड के साथ भेज दिया गया है। सीएसएमटी परियोजना की लागत १,६४२ करोड़ रुपये और रियल एस्टेट की लागत १,४३३ करोड़ रुपये है। सीएसएमटी, वादी बंदर और बायकुला में कुल रियल एस्टेकट बीयूए २५ लाख वर्ग फुट है। निर्माण की अवधि ४ वर्ष की है। आरएफपी चरण में चयनित बोलीदाता रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास और आसपास की रेलवे भूमि के व्यावसायिक विकास को पट्टे के आधार पर करेगी। रियायत के आधार पर ६० वर्षो के लिए स्टेशन का परिचालन एवं रखरखाव भी उसमें शामिल होगा।

## राज्यमंत्री ने किया महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा



साभारः सूचना विभाग,प्रयागराज। महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री, स्वाती सिंह ने जनपद प्रयागराज में महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार की मण्डलीय समीक्षा बैठक की। दिनांक २८.०६.२०२० को मंत्री के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। जिसमें पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन अनुदान योजना की मण्डलीय समीक्षा की गयी और योजना के सभी पात्र लाभार्थियों की द्वितीय किश्त पी.एफ.एम.एस के माध्यम से सभी के खाते में धनराशि अन्तरित हो गयी है सभी को द्वितीय किश्त का भुगतान प्राप्त हो चुका है। कन्या सुमंगला योजना के अर्न्तगत सभी पात्र लाभार्थियों का आँगनवाडी के माध्यम से प्रतिदिन २५-३० घरो (परिवारों) सर्वे कराये जाने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये गये। बेटी बचाओ बेटी पढाओ के प्रचार -प्रसार पर बहुत अधिक बल देते हुए सभी जिला प्रोबेशन अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि योजना का प्रचार -प्रचार होर्डिंग, भित्त लेखन एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराये जाने के निर्देश दिये गये।

## महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने किया कार्य-निष्पादन समीक्षा बैठक का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा। नई दिल्ली में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, उत्तर रेलवे के विभागाध्यकक्षों के साथ एक कार्य-निष्पादन समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में संरक्षा, समयपालनबद्धता, मालभाड़ा लदान और रेलवे कामकाज में पारदर्शिता से जुड़े मामलों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। राजीव चौधरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष २३ मीट्रिक टन से बढ़कर ३१.२४ मीट्रिक टन मालभाड़ा लदान किया है जोकि पिछले वर्ष की इसी अवधि से ३६ः अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने रेलवे कामकाज में पारदर्शिता पर भी बल दिया। उन्होंने विभागाध्यक्ष प्रमुखों से विभिन्न निर्माण परियोजनाओं विशेषकर निर्माण परियोजनाओं,में तेजी लाकर उन्हें निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

## चुस्त-दुरूस्त रहें अस्पताल में सभी आवश्यक व्यवस्थायें -सुधीर गर्ग



साभारः सूचना विभाग, प्रयागराज। नोडल अधिकारी सुधीर गर्ग मेडिकल कॉलेज में बैठक करते हुए कोविड- १६ की समीक्षा की। रविवार दिनांक २७.०६.२०२० को समीक्षा में उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांच कराये जाने एवं एक्सरे किए जाने की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शत-प्रतिशत मरीजों का एक्सरे कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिससे कि मरीज की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी मिल सके। नोडल अधिकारी ने कहा कि सरकार के द्वारा जो गाइड लाइन निर्धारित की गयी है, उसका अनुपालन करते हुए मरीजों का और बेहतर से बेहतर इलाज सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि अस्पताल में सभी आव यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त रहे। उन्होंने आईसीयू और आइशोलेशन वाले मरीजों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ. एस.पी. सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी जी.एस. वाजपेयी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## सम्पन्न हुआ केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में स्वच्छता पखवाड़ा

साभारः केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, (कोर) प्रयागराज, में रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ दिनांक १६ सितम्बर २०२० को हुआ था, जो कि ३० सितम्बर २०२० तक चला। पखवाड़े का शुभारम्भ दिनांक १६.०६.२०२० को वेबिनार के माध्यम से हुआ उसके पश्चात दिनांक १७.०६.२०२० को स्वच्छ परिसर के अन्तर्गत कोर मुख्यालय में बृहद रूप से साफ-सफाई की गई, स्विच्छ नीर के अन्तर्गत सभी पानी की टंकियों और आरओ की साफ-सफाई एवं उसकी गुणवत्ता की जाँच की गई, दिनांक १६.०६.२०२० को त्रिवेणी विहार रामबाग, राजपुर, जीपीओ रेलवे क लोनियों में बृहद रूप से साफ-सफाई का अभियान चला तथा, दिनांक २२.०६.२०२० को स्वच्छ प्रसाधन के तहत मुख्यालय के सभी प्रसाधनों को साफ किया गया, दिनांक २४.०६.२०२० को स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत ऑनलाइन ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कोर एवं परियोजना से भारी संख्या में कर्मचारी एवं उनके बच्चों ने भाग लिया।

## संगम पर माघ मेला बसाने को जुटे अधिकारी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। संगम की रेती पर माघ मेला बसाने की तैयारियां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद शुरू हो गई हैं। मंगलवार दिनांक २६.०६.२०२० को प्रयागराज मेला प्राधिकरण की बैठक में मेले के स्वरूप पर मंथन किया गया। कोविड-१६ के संक्रमण के बीच मेला कराने के तौर-तरीकों और उपायों पर अफसरों ने चर्चा की। मंगलवार की रात डीएम भानुचंद्र गोस्वामी की मौजूदगी में मेले के प्रारूप पर प्राधिकरण की बैठक में विभागवार प्रस्ताव मांगे गए। सामाजिक दूरी का पालन करते हुए संगम की रेती पर इस बार माघ मेला बसाया जाएगा। जहां हर साल पांच सेक्टर में मेला लगता था, वहीं इस बार सात या आठ सेक्टर बनाए जाने की उम्मीद है।

## रेलवे ने कि यूजर डिपो मॉड्यूल (यूडीएम) की शुरुआत



प.सू.का/नई दिल्ली। सीआरआईएस (सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम) द्वारा विकसित किए गए यूजर डिपो म,ड्यूल (यूडीएम) को पी.सी. शर्मा, सदस्य (टी एंड आरएस) द्वारा २८ सितम्बर २०२० को पश्चिम रेलवे के सभी यूजर डिपो के लिए डिजिटल रूप में शुरू किया। इस प्रणाली के द्वारा विकसित परिसंपत्ति प्रबंधन के अलावा अर्थव्यवस्था, दक्षता और पारदर्शिता में सुगमता आएगी। यह उन्नत सेवा स्तर और ग्राहकों की संतुष्टि को भी सुनिश्चित करेगा।

इस प्रणाली को जल्द ही भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रों में लागू किया जाएगा। स्टोर डिपो तक रेलवे की आपूर्ति श्रृंखला का पहले ही डिजिट- लीकरण किया जा चुका है, हालांकि यूजर के स्तर पर गतिविधियां मैनुअल रूप से ही की जा रही हैं। इस प्रणाली के कार्यान्वित होने से मैनुअल वर्किंग से डिजिटल वर्किंग में रूपांतरण से सभी हितधारकों के साथ लेन-देन एवं अ,नलाइन सूचनाओं के आदान-प्रदान में तेजी आएगी।

## शुरू हुआ जम्मू एवं कश्मीर में कटड़ा-रियासी स्टेशन यार्ड के बीच मेगा पुल का निर्माण



रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। भारत सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर को एक वैकल्पिक और विश्वनीय रेल प्रणाली उपलब्ध कराने के मद्देनजर जम्मू से बारामूला को भारतीय रेल नेटवर्क के साथ जोडने के लिए कश्मीर घाटी में ३२६ किलोमीटर लम्बी रेल लाईन बिछाने की योजना बनाई थी। इसी कड़ी में कुल ३२६ किलोमीटर लम्बे इस रेल मार्ग में से २१५ किलोमीटर रेल मार्ग का कार्य पूरा हो गया है और इस रेल मार्ग पर रेलगाड़ियां चल रही हैं। शेष कार्य भी प्रगति पर है। उत्तर एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, राजीव चौधरी ने बताया कि कटड़ा-रियासी के बीच पुल संख्या-३६ स्थित है। इस पुल पर रियासी यार्ड स्टेशन का निर्माण, ऊँचे, आयाताकार, पतले, खोखले खम्बों लगभग ४६० मीटर स्पैन वाला एक इंजीनियरिंग चमत्कार है। जिसकी लम्बाई ४६० मीटर और ऊँचाई १०५ मीटर है।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी. के सदस्यों को समाचार भेजने का अनुरोध**

उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारो/सुझाव के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक : ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
9793956044, 9935224867

# विकास कार्यो को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण मानकों के अनुसार किया जाए पूरा -मुख्यमंत्री योगी





साभारः सूचना विभाग। प्रयागराज मण्डल के अन्तर्गत आने वाले चारों जनपदों की वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं एवं विकास कार्यो की समीक्षा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार दिनांक २६.०६.२०२० को की, जिसमें ५० करोड़ रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं, ५० करोड़ रूपये से अधिक लागत की सड़कों, प्रयागराज स्मार्ट सिटी योजना, अमृत योजना की प्रगति, खाद की उपलब्धता सहित अन्य योजनाओं एवं कोविड-१६ के रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यो की बिंदुवार विस्तृत समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने सांसदों एवं विधायकगणों से भी निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर विकास कार्यो में तेजी लाते हुए परियोजनाओं और विकास कार्यो को समयबद्धता व गुणवत्ता- पूर्ण ढंग से मानकों के अनुसार पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होगी। बैठक में जनप्रतिनिधि गणों के अलावा अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कोरोना से बचाव को, अब टीटीई को मिलेगी वायरस प्रूफ यूनिफार्म

रे.स.ब्यू./प्रयागराज। अब रेलकर्मियों को कोविड-१६ से सुरक्षा के लिए एक खास किस्म की यूनिफार्म दी जाएगी। जिसकी शुरूआत उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के मंडलों में कार्यरत टीटीई से होगी। इस यूनिफार्म की खूबी यह है कि इसमें किसी भी तरह के वायरस का असर नहीं रहेगा। एनसीआर के पूर्व डिप्टी सीसीएम एवं उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल के सीनियर डीसीएम प्रवीन कुमार की देखरेख में यह ड्रेस तैयार की गई है। बतादें कि रेलवे के फ्रंट लाइन स्टाफ में टीटीई ही ऐसे कर्मचारी है, जो लगातार यात्रियों के संपर्क में आते हैं और अब तक कोविड-१६ के संक्रमण से एनसीआर में कार्यरत दो दर्जन के आसपास टीटीई कोरोना पॉजीटिव भी पाए गए हैं। टीटीई सुरक्षित रहे इसके लिए जीएम एनसीआर राजीव चौधरी के निर्देश पर रेलवे ने टीटीई के लिए ऐसी यूनिफार्म तैयार की है जिस पर कोरोना वायरस का असर नहीं होगा।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने कि कार्यों की समीक्षा



साभारः उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधको के साथ महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने दिनांक २२.०६.२० को, वीडियो- कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, माल लदान और नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली मुंबई मुख्य मार्गो पर १६०Kmph की गति से संबंधित कार्यो और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा कि। ट्रेन परिचालन में संरक्षा की समीक्षा की गई। लोकोपायलटों और गार्डो द्वारा वे साईड स्टेशनोंपर माल-गाडियों की कि जाने वाली संरक्षा जांच को जी.डी.आर के नाम से जाना जाता है, यह मालगाड़ियों की अंडरगेयर-फिटिंग, दरवाजों का ठीक से बंद होना, वैगनसे किसी भी ढीली या लटकती वस्तु के न होने और उचित ब्रेक पावर होने आदि की जांच द्वारा ट्रेन के संरक्षायुक्त और सुचारू संचालन के क्रम में एक महत्वपूर्ण में प्रक्रिया है। प्रत्येक GDR जाँच के बाद चालक दल द्वारा संयुक्त रूप से इस सम्बंध में प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक चालक लॉबी द्वारा एक अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत प्रत्येक साइन- ऑन और साइन-ऑफ के दौरान चालक दल को जीडीआर चेक के महत्व को बताया जायेगा और इस महत्वपूर्ण संरक्षा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तुत जीडीआर रिपोर्ट को निरीक्षकों और अधिकारियों द्वारा जांचा जाएगा।

उन्होने जोर देकर कहा कि १६० किलोमीटर प्रति घंटे की गति से संबंधित सभी कार्यो, विशेष रूप से ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता वाले कार्यों में तेजी लाई जानी चाहिए।

Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad

For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षो से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

# मंडल रेल प्रबंधक,झांसी ने किया कोच केयर सेंटर और स्टेशन का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। उत्तर मध्य रेलवे, झांसी के मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर ने दिनांक ३०.०६.२० को कैरिज एवं वैगन के कोच केयर सेंटर एवं झाँसी स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोच केयर सेंटर के पुनरोद्धार का उद्घाटन किया गया।

निरीक्षण के दौरान माथुर ने कोच केयर सेंटर में किये गए कार्यो का अवलोकन किया। इसके साथ ही झांसी स्टेशन निरीक्षण के दौरान माथुर ने यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। प्लेटफार्म के प्रवेश द्वार के साथ ही यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को भी देखा। इसी कड़ी में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/परि. दिनेश वर्मा , अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/इन्फ्रा व तकनीकी अमित सेंगर, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर /कैवै करुणेश श्रीवास्तव झाँसी व उपस्थित शाखा अधिकारियों द्वारा वृहद् वृक्षारोपण में भाग लेते हुये वृक्षारोपण के कार्य को सम्पादित किया ।